उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

**सूचना / विज्ञप्ति**

## उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

## अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी / पीएसटी) के प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने हेतु महत्वपूर्ण सूचना

संख्याः पीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक सवंर्ग)03 / 2025 दिनांकः जून, 05 ,2026

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत 4543 पदों को भरे जाने हेतु समांक विज्ञप्ति दिनांकित 12.08.2025 की चयन प्रकिया के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही प्रदेश के 75 जनपदों मे दिनांक **15.06.2026** से प्रारम्भ हो रही है।

2. उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि उनकी अभिलेखों की सवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण का प्रवेश पत्र का लिंक बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर **दिनांक 05.06.2026** को अपलोड किया जायेगा। अभ्यर्थीगण उक्त लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन संख्या एवं जन्म तिथि की सहायता से लॉगिन करके अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेगें। अभ्यर्थी **प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर प्रवेश पत्र में उल्लिखित सम्बन्धित मूल अभिलेखो तथा मूल अभिलेखों की एक स्वः प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।**

3. यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/ निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।